(ङ) **''डी-स्लजिंग''** से लाइसेंस प्राप्त आपरेटर अथवा एनपीपीचुनार के प्रशिक्षित स्वच्छता कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता व्यवस्था से एफएनएस को खाली करने का काम अभिप्रेत है।

(च) **''निपटान''** से एफ0एस0एस0 का किसी अधिसूचित स्थान पर परिवहन और प्रवाहित करना/ले जाने का काम अभिप्रेत है।

(छ) ''**उत्प्रवाही''** किसी ओ0एस0एस0 से स्रावित द्रव्य है। सेप्टेज से निकलने वाले द्रव्य को भी उत्प्रवाही कहा जाता है।

(ज) ''**फीकल स्लज''** से ओ0एस0एस0 की नीचे बैठी सामग्री अभिप्रेत है। फीकल स्लज के लक्षणों को मोटे तौर पर घर-दर-घर शहर-दर-शहर और देश-पर-देश भिन्न किया जा सकता है। फीकल स्लज की भौतिक रासायनिक और जैविक विशेषताए भण्डारण की अवधि, तापमान, मिटटी की दशा, स्वच्छता व्यवस्था में भू-जल या सतही जल का प्रवेश, डी-स्लजिंग तकनीक और पैटर्न से प्रभावित होती है।

(झ) **''फीकल स्लज, व सेप्टेज ट्रीटमेंट प्लांट''** (F.S.S.T.P.) सुरक्षित निपटान और पुनः उपयोग के लिए ठोस एंव तरल भागों का विनिर्धारित मानकों तक ट्रीटमेंट करने के लिए एक स्वतंत्र एस0एस0एस0 ट्रीटमेंट सुविधा है। इससे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एस0टी0पी0) भी अभिप्रेत किया जा सकता है, अगर वहां फीकल स्लज/सेप्टेज को सीवेज के साथ को-ट्रीट किया जाता है।

(ञ) **''लाइसेंस''** से तात्पर्य है–किसी व्यक्ति को दी गई लिखित अनुमति, जिसका उद्देश्य फीकल स्लज, व सेप्टेज प्रबंधन की सेवाओं का निर्वहन करना है, जिसमें एनपीपीचुनार के निर्दिष्ट अधिकारी के हस्ताक्षर के तहत उददेश्य, सत्र, नाम, व पता मार्ग आदि का उल्लेख किया गया हों।

(ट) **''लाइसेंस प्राप्त आपरेटर''** से तात्पर्य है–डी-स्लजिंग करने और अधिसूचित स्थान पर एफ0एस0एस0 के परिवहन के लिए लाईसेंस रखने वाला कोई भी व्यक्ति।

(ठ) **''अधिसूचित स्थान''** से तात्पर्य है–एफ0एस0एस0 पहुँचाने और निपटान का स्थान जिसे एनपीपी चुनार द्वारा परिभाषित और निर्धारित किया गया है।

(ड) **''आनसाइट स्वच्छता व्यवस्था''** ऐसी स्वच्छता तकनीक/व्यवस्था जिसमें मल-मूत्र एकत्रित/ट्रीट किया जाता है जहां पर वह उत्पन्न होता है।

(ढ) **''प्रचालक''** से तात्पर्य है–एफ0एस0एस0 के डी-स्लजिंग, परिवहन अथवा ट्रीटमेंट का व्यवसाय करने वाला व्यक्ति।

(ण) **''व्यक्ति''** प्रासंगिक कानूनों के तहत शामिल एक व्यक्ति, एक एजेन्सी, एक ट्रस्ट, एक समाज, एक फर्म अथवा एक कम्पनी व्यक्तियों का एक संगठन अथवा व्यक्तियों का एक निकाय शामिल है, चाहे वह निगमित हो या नहीं।

(त) **''शेडयूल डी-स्लजिंग''** सेन्ट्रल पब्लिक हेल्थ एण्ड एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग आर्गेनाइजेशन की सिफारिशों के आधार पर 2-3 वर्ष के अंतराल पर ओ0एस0एस0 को नियमित रूप से खाली करने की प्रक्रिया।

(थ) **''सेप्टेज''** सेप्टिक टैंक से डी-स्लज किय गया फीकल स्लज है।

(द) **''सीवेज''** अपशिष्ट जल है, जिसमें सीवरों के जरिये एक से दूसरे स्थान ले जाया जाता है।

(ध) **''सीवर''** से तात्पर्य है–समुदाय के अपशिष्ट जल, जिसे अन्यथा सीवेज कहा जाता है, को प्रवाहित करने के प्रयोजनों के लिए उपलब्ध कराई गई भूमिगत पाईप लाईन।

(न) **''सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट''** से तात्पर्य है–वह स्थान जहा सीवेज को सुरक्षित निपटान और पुनः उपयोग के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार ट्रीट किया जाता है।

(प) **''कार्यबल''** से तात्पर्य है–शहर में अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष की अध्यक्षता में गठित शहरी स्वच्छता कार्यबल। समिति के सदस्यों का अपने सरकारी विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, समाज के अन्य प्रतिष्ठित लोगों, शिक्षकों द्वारा सह-चयन किया जा सकता है।

(फ) **''एनपीपीचुनार के प्रशिक्षित स्वच्छता कर्मी''** से तात्पर्य है–एनपीपी चुनार के स्वामित्व वाले वैक्युम टैंकर का उपयोग कर एफ0एस0एस0 के डी-स्लजिंग और परिवहन के उद्देश्य के लिए एनपीपी चुनार के सेवारत/अनुबंधित कर्मचारी

(ब) **''परिवहन''** से तात्पर्य है–एनपीपी चुनार पंजीकृत वैक्यूम टैंकर से एफ0एस0एस0 को डी-स्लजिंग के स्थान से किसी अधिसूचित स्थान तक सुरक्षित तरीके से ले जाना।

(भ) **''ट्रीटमेंट''** से तात्पर्य है–प्रदूषण को कम करने या उसकी रोकथाम के लिए एफ0एस0एस0/सीवेज/अपशिष्ट के भौतिक, रासायनिक, जैविक और रेडियोधर्मी लक्षणों में परिवर्तन करने के लिए बनाई गई कोई वैज्ञानिक विधि या प्रक्रिया।

(म) **''वैक्युम टैंकर''** एक ऐसा वाहन है जिसमें एफ0एस0एस0 को ओ0एस0एस0 से वायु द्वारा खींचने के लिए बनाया गया पंप व टैंक होता है। इन वाहनों का उपयोग डी-स्लज किये गये एफ0एस0एस0 के परिवहन के लिए भी किया जाता है।

(य) **''अपशिष्ट जल''** से तात्पर्य है, घरेलू/व्यवसायिक मानव गतिविधियों से आने वाला तरल अपशिष्ट जिसमें शौचालय रसोईघर एवं साफ सफाई की गतिविधि शामिल है, किन्तु विर्निमाण और औद्योगिक गतिविधि से आने वाला अपशिष्ट शामिल नहीं है। आमतौर पर यह मल, जल, बरसाती जल (स्टार्म वाटर) के लिए बनी नालियों से प्रवाहित किया जाता है, इस प्रकार इसमें बरसाती जल भी शामिल होता है। इन विनियमों में प्रयुक्त और इन विनियमों में अपरिभाषित और वहा इसमें उपर अपरिभाषित किंतु समय-समय पर लागू अधिनियम अथवा किसी अन्य कानून में परिभाषित अन्य सभी शब्दों और अभिव्यक्तियों से क्रमशः अधिनियम या कानून में निर्दिष्ट अर्थ अभिप्रेत होगा और ऐसा न होने पर उनसे जल आपूर्ति और सीवेज ट्रीटमेंट/निपटान उद्योग में सामान्यतः समझा जाने वाला अर्थ अभिप्रेत होगा।

अपशिष्ट जल प्रबंधन

3- परिसर के अपशिष्ट जल का प्रबन्धन और निपटान –

प्रत्येक सम्पत्ति मालिक/धारक (आवासीय और वाणिज्यक, प्रस्तावित या मौजूदा सहित किन्तु इन्ही तक सीमित नहीं) यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होगा/होगी कि उनके परिसर में अपशिष्ट जल का निम्नलिखित में से किसी एक या एकाधिक तरीकों से ट्रीटमेंट अथवा निपटान किया जाता है, अर्थात्

(क) यदि परिसर की सीमा से सीवर 30 (तीस) मीटर के भीतर या यथा व्यवहार्य किसी अन्य दूरी पर उपलब्ध है, संपत्ति को शुल्क (यदि कोई हो) के भुगतान पर और यथा अपेक्षित अन्य प्रक्रियाओं को पूरा करने पर सीवरेज प्रणाली से जोड़े।

(ख) अपशिष्ट जल को एनपीपी चुनार द्वारा अनुमोदित समुदाय या स्थानीय क्षेत्र ट्रीटमेंट सुविधा में प्रवाहित किया जाए।

(ग) जिस संपत्ति से प्रतिदिन 10 हजार ली0 से अधिक अपशिष्ट जल उत्पन्न होता है। और जिसके परिसर के भीतर 500 वर्ग मी0 से अधिक हरित क्षेत्र है, वहां एक डीडब्लूडब्लूटी संस्थापित करेगा ताकि संपत्ति में उत्पन्न अपशिष्ट का ट्रीटमेंट किया जा सकें। संपत्ति मालिक/मालकिन ट्रीटेड अपशिष्ट जल का बागवानी/फ्लशिंग के लिए पुनः उपयोग कर इस प्रकार ताजे जल पर निर्भरता को कम करना सुनिश्चित करेगा।

(घ) परिसर का अपशिष्ट जल ओ.एस.एस. में डिस्चार्ज हो रहा हो जिसका कोई आउट-लेट न हो।

आनसाइट स्वच्छता व्यवस्थाएं

4- ओ0एस0एस0 का डिजाइन, निर्माण और रख-रखाव–

(क) ओ0एस0एस0 का डिजाइन, निर्माण और इसकी संस्थापना समय-समय पर यथाः आशोधित ''मैन्युअल आन सीवरेज एण्ड सीवेज ट्रीटमेंट सिस्टम 2013, सीपीएचईईओ के प्रावधानों के अनुसार अथवा एनपीपी चुनार या राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा जारी किये गये किसी अन्य स्वीकृत मजबूत इंजीनियरिंग प्रैक्टिस के अनुसार होगें।

(ख) ओ0एस0एस0 से जुड़ी संपत्ति का मालिक/धारक, उससे निकलने वाले एफ0एस0एस0 की देख-रेख रख-रखाव और सुरक्षित निपटान के लिए उत्तरदायी होगा।

(ग) परिसर का मालिक/धारक बीएनपीपी द्वारा यथाः निर्धारित लागत के भुगतान पर नियमित आधार पर (प्रत्येक 2-3 वर्ष) में डी-स्लजिंग कराएगा।

(घ) परिसर का मालिक/धारक यह सुनिश्चित करेगा कि उसके ओ0एस0एस0 में खराबी अथवा गलत निर्माण के कारण एफ0एस0एस0 के खुले क्षेत्र में सीधे प्रवाह या नाली में प्रवाहित होने के कारण पर्यावरण में कोई प्रदूषण न हो।

(ड़) परिसर का मालिक/धारक यह सुनिश्चित करेगा कि लाईसेंस प्राप्त आपरेटर या बीएनपीपी के प्रशिक्षित स्वच्छता कर्मी के द्वारा पर्याप्त सुरक्षित उपायों को अपनाते हुए ओ0एस0एस0 को यांत्रिक रूप से साफ किया जाए और इस प्रयोजन के लिए कोई मैनुअल सफाई न की जाए।

(च) एनपीपीचुनार या इसके निर्दिष्ट अधिकारी को गैर अनुपालन के लिए परिसर का निरीक्षण करने का अधिकार है। एनपीपीचुनार परिसर के मालिक/धारक को एक समय सीमा के भीतर अपनी लागत पर फीकल स्लज,

सेप्टेज एवं अपशिष्ट जल के प्रबंधन और निपटान से संबंधित रेट्रोफिटिंग/गैर अनुपालन में सुधार करने के लिए नोटिस जारी कर सकती है।

(छ) एनपीपी चुनार अपने विवेक से सम्पत्ति मालिक/धारक को रेट्रोफिटिंग/गैर अनुरूपी प्रणालियों में सुधार करने और वैकल्पिक प्रणालियों का सुझाव देने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की सेवाएं देने के लिए प्रोत्साहन दे सकती है।

एफ0एस0एस0 के डी-स्लजिंग और परिवहन के लिए पंजीकरण तथा लाइसेसिंग

5- एनपीपी चुनार द्वारा लाईसेंस जारी किया जाना –

(क) एनपीपी चुनार निजी आपरेटर(रों) द्वारा स्वामित्व अथवा किरायें पर लिए गये वैक्युम टैंकर(रों) का पंजीयन करेगा, जो वर्तमान मे चुनार नगर मे डी-स्लजिंग की सेवा प्रदान कर रहे है।

(ख) एनपीपी चुनार अपने कर्मचारियो सहित आपरेटरों के लिए इनफार्मेशन, एजुकेशन एण्ड कम्युनिकेशन (आईईसी) गतिविधियां करेगी। जहां उन्हे एफ0एस0एस0 को सुरक्षित रूप से डी-स्लज और परिहवन के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को नियोजित करने के लिए संवेदनशील और प्रशिक्षित किया जायेगा। यह प्रशिक्षण पंजीकरण की अंतिम तिथि के बाद 01 महीने के भीतर किया जाएगा।

(ग) एक बार जब आपरेटर को लगता है कि वहा लाईसेंस के मापदण्डों का सफलतापूर्वक अनुपालन करता है, तो वह इन विनियमों के प्रपत्र-1 को उपयोग करते हुए इसके लिए आवेदन करेगा/करेगी यह प्रशिक्षण पूरा होने के अधिकतम 02 महीने के भीतर किया जाएगा।

(घ) एनपीपी चुनार एफ0एस0एस0 को डी-स्लजिंग करने और इसके परिवहन के लिए आपरेटर को लाईसेंस जारी करेंगी।

(ड़) लाईसेंस इन विनियमों के प्रपत्र-2 में निर्धारित प्रारूप में जारी किया जाएगा, और जारी होने की तारीख से एक वर्ष तक वैद्य होगा, अन्यथा इसे पहले रद्द नहीं किया गया हो, और इसकी समाप्ति पर इसे नवीनीकृत किया जा सकेगा, जो कि लाईसेंस प्राप्त आपरेटर द्वारा नियम और शर्तों की पूर्ति और निर्धारित शुल्क के भुगतान के आधार पर होगा।

(च) एनपीपी चुनार आवेदक के स्वामित्व या किराए पर लिए गये वैक्युम टैंकर(रों) को पंजीकृत करेगी। एनपीपी चुनार अपनी संतुष्टि के लिए वाहन का निरीक्षण करेगी। एनपीपी चुनार को उन वाहनों के पंजीकरण को अस्वीकार करने या रद्द करने का अधिकार है जिनके विषय में एनपीपी चुनार मानती है कि इन विनियमों के अनुच्छेद-15 में उल्लिखित मापदंडो को पूरा नहीं किया गया हो अथवा जो नगर की सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा है।

6- लाईसेंस जारी करने हेतु मापदंड–

(क) लाइसेंस प्राप्त करने के लिए योग्य आवेदक से तात्पर्य इन नियमों के अनुच्छेद-2 में परिभाषित व्यक्ति है।

(ख) आवेदक के पास उचित वैक्युम/सक्सन और डिस्चार्जिंगं व्यवस्था के साथ रिसाव रहित (लीक-प्रूफ) गंध और छलगल रोधी (स्पिल-प्रूफ) वैक्युम टैंकर स्वामित्व में अथवा किराये पर होना/होने चाहिए।

(ग) चुनार में परिचालन किये जाने के लिए वाहन के पास परिहवन विभाग का वैद्य परमिट या पंजीकरण प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है।

(घ) आवेदक एनपीपीचुनार के साथ अपने वैक्युम टैंकर(रों) को पंजीकृत करेगा।

(ङ) आवेदक यह शपथ करेगा कि उसके द्वारा स्वामित्व में अथवा किराए पर लिए गए वैक्युम टैंकर इन नियमों के अनुच्छेद-15 में उल्लिखित मापदंडों को पूरा करते है।

(च) आवेदक एनपीपी चुनार अथवा एनपीपी चुनार द्वारा नियुक्त एजेंसी द्वारा इस उददेश्य के लिए श्रमिकों को पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित करने का कार्य करेगा।

(छ) आवेदक सुरक्षा गियरों और अन्य व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पी0पी0ई0) के साथ श्रमिकों को लैंस करने का कार्य करेगा, जो कि अधिसूचित स्थानों से एफ0एस0एस0 के सुरक्षित रूप से डी-स्लज, परिवहन और निपटान करने के लिए जरूरी होगा। ये आवश्यक पी0पी0ई0 इस विनियम के परिशिष्ट में उल्लिखित सूची के अनुसार होगा।

7- लाइसेंस के लिए आवेदन–

एफ0एस0एस0 के डी-स्लज, परिवहन और निपटान के लिए लाइसेंस प्राप्त करने हेतु आवेदन, इसके नियम और शर्तो सहित इन विनियमों के प्रपत्र-1 के रूप में संलग्न निर्धारित प्रारूप में और एनपीपी चुनार के निर्दिष्ट अधिकारी(रियों) द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।

8- लाइसेंस हेतु आवेदन करने के लिए आवेदकों को आमंत्रण–

एनपीपी चुनार अपनी वेब-साइट पर और प्रमुख समाचार पत्रों तथा अन्य प्रिन्ट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से समय-समय पर संभावित आवेदकों को लाईसेंस हेतु आवेदन करने के लिए आमंत्रित करने के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करेगी।

9- लाइसेंस के लिए आवेदन शुल्क–

एनपीपी चुनार लाइसेंस प्रदान करने के लिए आवेदन को प्रक्रियागत करने हेतु समय-समय पर निर्धारित आवेदन शुल्क प्रभारित कर सकती है। यह शुल्क गैर वापसी योग्य होगा और इसे इलेक्ट्रानिक रूप से अथवा एनपीपी चुनार के पक्ष में डिमाण्ड-ड्राफ्ट द्वारा भुगतान किया जा सकता है।

10- परफार्मेंस गारण्टी–

लाइसेंस प्राप्त आपरेटर बैंक गारन्टी के तौर पर परफार्मेंस (कार्य प्रदर्शन) गारन्टी की निर्धारित राशि जमा करेगा, जैसा कि एनपीपी चुनार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किया गया हो, जिसे विनियमों के तहत किसी भी उल्लघंन के मामले मे जब्त कर लिया जाएगा।

11- लाईसेंस प्राप्त आपरेटर का प्रचार–

एनपीपी चुनार समय-समय पर लाइसेंस प्राप्त आपरेटर(रों) को अपनी वेबवाइट पर और पिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार प्रदान करेगी।

12- जागरूकता अभियान–

एनपीपी चुनार इन नियमों के बारे मे लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाएगी, साथ ही साथ एफ0एस0एस0 को डी-स्लज परिवहन और निपटान हेतु केवल लाईसेंस प्राप्त आपरेटर को संलग्न करने की आवश्यकता के बारें मे भी जागरूक करेगी।

एफ0एस0एस0 की डी-स्लजिंग एंव परिवहन

13- सम्पत्ति का मालिक/धारक केवल लाइसेंस प्राप्त आपरेटर को ही संलग्न करेगा–

(क) एफ0एस0एस0 की डी-स्लजिंग और परिवहन के लिए एनपीपी चुनार के लाइसेंस प्राप्त आपरेटरों या एनपीपी चुनार के प्रशिक्षित स्वच्छता कर्मियों की सेवाओं को संलग्न करना सम्पत्ति के प्रत्येक मालिक/धारक का कर्तव्य होगा।

(ख) मालिक/धारक इस बात की पुष्टि करेगा/करेगी कि डी-स्लजर(रों) को जारी किया गया लाइसेंस कार्य के निष्पादन की तारीख तक वैद्य है। वह इन विनियमों के प्रपत्र-3 में निर्धारित एफ0एस0एस0 की डी-स्लजिंग परिवहन एवं निपटान के रिकार्ड फार्म पर अपने हस्ताक्षर भी करेगा/करेगी।

14–एफ0एस0एस0 की डी-स्लजिंग एवं परिवहन के लिए शुल्क–

(क) एफ0एस0एस0 को डी-स्लज करने और इसके अधिसूचित स्थानों तक परिवहन के लिए शुल्क को एनपीपी चुनार के निर्दिष्ट अधिकारी द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किया जाएगा।

(ख) जब एनपीपी चुनार नगर में शेडयुल डी-स्लजिंग के कार्य को कार्यान्वित करने का निर्णय लेगी तब डी-स्लजिंग शुल्क को सेनिटेशन चार्ज द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा, अथवा इसे सम्पत्ति/जलकर में शामिल किया जा सकता है। इसे समय-समय पर एनपीपी चुनार द्वारा अधिसूचित किया जाएगा।

(ग) लाइसेंस प्राप्त आपरेटर समय-समय पर एनपीपी चुनार द्वारा अधिसूचित राशि से अधिक सम्पत्ति के मालिक/धारक से कोई राशि वसूल नहीं करेगा/करेगी।

(घ) एफ0एस0एस0 की डी-स्लजिंग एवं अधिसूचित स्थानों तक परिवहन के लिए अधिसूचित शुल्क से अधिक किसी भी शुल्क की मांग लाइसेंस प्राप्त आपरेटर को उनके लाइसेंस रदद किये जाने के लिए जिम्मेदार बनाएगा, और इन विनियमों के उल्लधंन के लिए उन पर निर्धारित जुर्माना लगाया जाएगा।

15- एफ0एस0एस0 के परिवहन के लिए वाहन–

(क) एफ0एस0एस0 को केवल लाइसेंस प्राप्त आपरेटर(रों) या एनपीपी चुनार के प्रशिक्षित स्वच्छता कर्मियों द्वारा ही डी-स्लज एवं अधिसूचित स्थानों तक परिवहन किया जाएगा।

(ख) वैक्यूम टैंकर(रों) को 6 महीने की अवधि के लिए पंजीकृत किया जा सकता है, भले ही सभी आवश्यक शर्तें पूरी न की गई हों। ऐसे मामलों मे संबंधित आपरेटर को इस निश्चित समय सीमा के भीतर वैक्यूम टैंकर को अपग्रेड करना होगा।

(ग) एफ0एस0एस0 के सुरक्षित और कुशल परिवहन के लिए वाहनों को केवल निर्दिष्ट मार्गो (जैसा कि समय-समय पर एनपीपी चुनार द्वारा चिन्हित किया जाएगा) पर ही चलना होगा।

(घ) एफ0एस0एस0 की डी-स्लजिंग एवं अधिसूचित स्थानों तक परिवहन के लिए उपयोग किये जाने वाले वाहन पर एनपीपी चुनार द्वारा जारी किये गये आपरेटर लाइसेंस एवं पंजीकरण की एक प्रति (कापी) प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी।

(ड़) वैक्यूम टैंकर को पीले रंग से रंगा जाएगा, तथा लाल रंग में सेप्टिक टैंक वेस्ट (Septic taink waste) (अंग्रेजी में) व ''मलकुंड अपशिष्ट '' (हिन्दी में) लिखकर (सावधानियों को) चिन्हित किया जाएगा।

(च) एफ0एस0एस0 के परिवहन के लिए उपयोग किये जाने वाले प्रत्येक वाहन में एक जीपीएस उपकरण लगाया जाएगा और निर्दिष्ट अधिकारी और एनपीपी चुनार द्वारा अधिसूचित एजेन्सी को ऐसे वाहनों के ट्रैकिंग के लिए इसके एक्सेस/पहुंच अधिकार दिये जाएगें।

16- परिवहन के दौरान सावधानियां–

लाइसेंस प्राप्त आपरेटर यह सुनिश्चित करेगा (करेगी) कि डी-स्लजिंग के स्थान से निपटान के अधिसूचित स्थान के बीच परिवहन के दौरान एफ0एस0एस0 का कोई रिसाव/छलकाव नहीं हो।

17- दूर्घटना के मामलें मे सुरक्षात्मक उपाय–

एफ0एस0एस0 को डी-स्लजिंग के स्थान से निपटान के अधिसूचित स्थान के बीच परिवहन के दौरान प्रदूषण से बचने के लिए आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा।

18- दूर्घटना के होने पर लाइसेंस प्राप्त आपरेटर की जिम्मेदारी/देयता–

किसी भी दूर्घटना या आपदा के होने की स्थिति में किसी भी व्यक्ति वाहन सम्पत्ति या पर्यावरण को हुए किसी भी नुकसान के लिए लाईसेंस प्राप्त आपरेटर पूरी तरह से और पूर्ण रूपेण उत्तरदायी होगा/होगी और पीडितों/उनके कानूनी वारिसों को अपने स्वयं के खर्चे पर किसी भी क्षतिपूर्ति/मुआवजे का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा/होगी यदि इसे किसी प्राधिकरण/न्यायालय द्वारा प्रभारित किया जाता है।

19- तैनात कर्मी(यों) के लिए सुरक्षा उपाय–

लाइसेंस प्राप्त आपरेटर सभी सुरक्षा उपायों को प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होगा, जिसमें हाथ चालित गैस-डिटेक्टर, गैस मास्क, सुरक्षात्मक गियर, आक्सीजन सिलेण्डर के साथ आक्सीजन मास्क और प्राथमिक चिकित्सा बाक्स आदि शामिल है और ऐसे अन्य उपायों को प्रदान करने के लिए भी जिन्हें इन विनियमों के साथ-साथ हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुर्नवास अधिनियम 2013 में तथा इसके अधीन बनाये गये नियमों मे निर्दिष्ट किया गया है।

20– एफ0एस0एस0 का निपटान–

(क) लाइसेंस प्राप्त आपरेटर समय-समय पर एनपीपी चुनार द्वारा अधिसूचित स्थानों पर ही एफएसएस का निपटान करेगा/करेगी।

(ख) लाइसेंस प्राप्त आपरेटर विधिवत तौर पर भरा और हस्ताक्षरित किया एफ0एस0एस0 की डी-स्लजिंग परिवहन एवं निपटान का रिकार्ड फार्म एनपीपी चुनार के निर्दिष्ट अधिकारी को जमा करेगा(करेगी)।

21- कर्मियों का प्रशिक्षण–

लाइसेंस प्राप्त आपरेटर एफ0एस0एस0 के डी-स्लजिग परिवहन और निपटान में तैनात कर्मी(यों) के आवधिक प्रशिक्षण के लिए जिम्मेदार होगा/होगी।

22- कर्मियों की नियमित स्वास्थ्य जांच–

लाइसेंस प्राप्त आपरेटर यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा/होगी कि प्रत्येक कर्मी की जिन्हें ऐसे कार्य में नियोजित किया गया है, प्रतिवर्ष कम से कम 02 बार स्वास्थ्य जांच की जाती हो और इसका प्रलेख एनपीपी चुनार को प्रस्तुत किया जाता हो, ऐसा नहीं किये जाने पर लाइसेंस प्राप्त आपरेटर ऐसे जुर्माना/अर्थदण्ड देने के लिए उत्तरदायी होगा/होगी। जैसा कि समय-समय पर अधिसूचित किया जाता हो।

23- बीमा–

एफ0एस0एस0 को डी-स्लज परिवहन करने और निपटान की प्रक्रिया के दौरान दूर्घटना की स्थिति में लाइसेंस प्राप्त आपरेटर द्वारा तैनात कर्मी(यों) को पीड़ितों/उनके कानूनी वारिसों को हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुर्नवास अधिनियम 2013 और 2003 की रिट याचिका सं0-583 (सफाई कर्मी आन्दोलन एंव अन्य बनाम भारतीय संघ एवं अन्य) में अपेक्स कोर्ट के आदेश दिनांक 27 मार्च 2014 के तहत मुआवजा देने के लिए बीमा किया जाएगा।

24- लाइसेंस रदद करना–

इन विनियमों सहित हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुर्नवास अधिनियम 2013 के किसी भी प्रावधान के उल्लधंन के मामले में लाइसेंस प्राप्त आपरेटर ऐसे जुर्माना/अर्थदण्ड देने के लिए उत्तरदायी होगा/होगी। जैसा कि समय-समय पर अधिसूचित किया गया हो, जिसमें लाइसेंस को रदद करना और कार्यबल या निर्दिष्ट अधिकारी(यों) की सिफारिश के अनुसार परफार्मेंश गारन्टी को जब्त करना शामिल है।

एफएसएसडब्लू के उपचार एवं पुनः उपयोग/निपटान

25- उपचार/निपटान स्थल (लों) की पहचान–

एनपीपीचुनार ऐसे स्थान(नों) की पहचान करेगी और अधिसूचित करेगी जहां एफएसएसडब्लू को लाइसेंस प्राप्त आपरेटरों या एनपीपी चुनार के प्रशिक्षित स्वच्छता कर्मियों द्वारा उपचार/निपटान किया जाएगा।

26- एफएसएसडब्लू की प्राप्ति हेतु अधोसंरचना का सृजन–

एनपीपी चुनार आवश्यक बुनियादी अधोसंरचना तैयार करेगी और पंजीकृत वाहन(नों) द्वारा लाये गये एफएसएसडब्लू के उपचार/निपटान की सुविधा के लिए अधिसूचित स्थानों पर आवश्यक उपकरण प्रदान करेगी।

27- एफ0एस0एस0 प्राप्त करने के लिए कर्मियों की तैनाती–

प्रत्येक अधिसूचित स्थानों पर एफ0एस0एस0 प्राप्त करने और इसे संबंधित उपचार सुविधा में स्थान्तरित करने हेतु एनपीपी चुनार पर्याप्त संख्या में कर्मियों को तैनात करेगी।

28- एफ0एस0एस0 प्राप्ति का समय–

एनपीपी चुनार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित घंटे के दौरान प्रत्येक अधिसूचित स्थान(नों) पर एनपीपी चुनार के तैनात कर्मियों द्वारा एफ0एस0एस0 प्राप्त किया जाएगा।

29- औद्योगिक अपशिष्टों को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए–

औद्योगिक अपशिष्ट युक्त एफ0एस0एस0 को अधिसूचित स्थान(नों) पर अनुमति नहीं दी जाएगी।

30- एफएसएसएम में प्रशिक्षण–

एनपीपी चुनार द्वारा अधिसूचित स्थान(नों) पर तैनात कर्मियों को एफ0एस0एस0 प्राप्त करने और उपचार/निपटान के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

31- उपचारित एफएसएसडब्लू का पुनः उपयोग–

(क) एनपीपी चुनार किसानों को अनुपचारित एफएसएसडब्लू के कृषि अनुप्रयोग होने वाले स्वास्थ्य एंव पर्यावरणीय दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेगी और एफएसएसटीपी से उपचारित एफएसएसडब्लू का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

(ख) एनपीपी चुनार नगर में डीडब्लूडब्लूटी से उपचारित अपशिष्ट जल का उपयोग बागवानी और किसी अन्य उददेश्य के लिए करेगी। जिसमें ताजे पानी के बदले में इसका उपयोग किया जा सकता है।

(ग) किसी भी निर्माण गतिविधि के परियोजना प्रस्तावक परियोजना के आस पास के क्षेत्र (01 किमी के दायरे) में उपलब्ध किसी भी उपचारित अपशिष्ट जलका उपयोग निर्माण गतिविधियों के लिए करेंगें। केवल उपचारित अपशिष्ट जल की अपर्याप्त उपलब्धता/अनुपलब्धता के मामलों मे प्रस्तावक अन्य उपलब्ध विकल्पो का पता लगाने और इस हेतु अनुमोदन लेने के लिए एनपीपी चुनार से परामर्श करेगा।

प्रशासनिक नियंत्रण और प्रवर्तन

32- प्रशासनिक नियंत्रण और प्रवर्तन–

(क) इन नियमों के प्रशासनिक और प्रवर्तन अधिकार अधिशासी अधिकारी या निर्दिष्ट अधिकारी के पास निहित है, जिन्हें विधिवत तौर पर अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किया गया है।

(ख) डी-स्लजिंग परिवहन या उपचार की सेवाए प्रदान करने के लिए एनपीपी चुनार समय-समय पर उपयोगकर्ता शुल्क निर्धारित और अधिसूचित कर सकती है। इसकी लागत वसूली सुनिश्चित करने के लिए उपयोगकर्ताओं को इन सेवाओं हेतु भुगतान करना होगा।

33- निरीक्षण के लिए विशेष अधिकार–

इन विनियमों के प्रभावी कार्यान्वयन और परिवर्तन के उददेश्य से एनपीपी चुनार के पास किसी भी समय किसी भी परिसर परिवहन वाहनों और एफएसएसडब्लू उपचार सुविधा के निरीक्षण का अधिकार होगा।

34- उल्लघंन और दंड–

(क) इन नियमों के किसी भी प्रावधान के उल्लघंन के दोषी किसी भी व्यक्ति को इसके अनुपालन के लिए नोटिस किया जाएगा।

(ख) कोई भी व्यक्ति इन नियमो के तहत दंडात्मक प्रावधानों के लिए जिम्मेदार होगा/होगी। यदि ऐसा व्यक्ति (क) उल्लघंन करता है अथवा इन नियमों के किसी भी प्रावधान का पालन करने में विफल रहता है (ख) इन विनियमों के तहत किसी भी अधिकार के निर्वहन अथवा किसी भी कर्तव्य के अनुपालन में उसे सौपें गये अधिकार के तहत कार्य करने वाले एनपीपी चुनार के किसी निर्दिष्ट अधिकारी या अन्य अधिकारी के साथ बाधा रोक या हस्तक्षेप करता है। (ग) किसी भी ओएसएस/सीवर को डी-स्लज करने के लिए हाथ से किये जाने वाले कार्य का सहारा लेता है।

(ग) इन नियमों के प्रावधानों के उल्लघंन के लिए दोषी पाये जाने वाले व्यक्ति को परिशिष्ट में इंगित राशि के साथ और संबंधित कानून के तहत मुकदमा चलाकर दंडित किया जाएगा और साथ ही एफ0एस0एस0 परिवहन वाहन एफएसएसडब्लू उपचार सुविधा या सम्पत्ति को जब्त किया जाएगा, जैसा भी मामला हों।

(घ) जहां कहीं ऐसे किसी भी मामलें में जिसमें परिशिष्ट में स्पष्ट रूप से जुर्माना इंगित नहीं किया गया है, दोशी पाये गये व्यक्ति को पाच हजार भारतीय (रू0 5000.00) के जुर्माने के साथ दण्डित किया जाएगा और इसके बाद निरन्तर उल्लघंन के मामले में एक हजार भारतीय (रू0 1000.00) प्रतिदिन की दर से एक अतिरिक्त जुर्माना राशि के साथ ऐसे जारी उल्लघंन के लिए उस अवधि हेतु दण्डित किया जाएगा।

(ड़) संदेह के समाधान के लिए एतद घोशित किया जाता है कि इन विनियमों में स्पष्ट तौर पर ऐसा कुछ नहीं होने के बावजूद किसी व्यक्ति को किसी भी अन्य संबंधित अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने और दण्डित होने से नहीं रोका जा सकता है, जो उस समय लागू हो तथा जिन्हें ऐसे कृत्य अथवा चूक हेतु इन नियमों के तहत दण्डनीय किया गया है।

35- अपील –

कोई भी व्यक्ति जो इन नियमों के तहत एनपीपी चुनार के किसी निर्दिष्ट अधिकारी के निर्णय से व्यथित हो अधिशासी अधिकारी को ऐसे निर्णय के विरूद्ध अपील कर सकता(सकती) है। (इन विनियमों के प्रपत्र-4 में संलग्न प्रारूप में) और यदि निर्णय अधिशासी अधिकारी द्वारा किया गया है तो अपील उस आदेश की प्रति प्राप्त होने की तारीख से 30 दिनों की अवधि के भीतर कार्यबल को प्रस्तुत की जाएगी, जिसके विरूद्ध अपील की गई थी।

36- विवाद समाधान उपबन्ध –

कोई भी विवाद जो इन विनियमों के संचालन के संबंध में उठाया गया हो/उत्पन्न हुआ हो उनका समाधान भारतीय कानूनों के तहत सक्षम न्यायालय द्वारा किया जाएगा और जिनका अधिकार क्षेत्र केवल मीरजापुर शहर होगा।

37– संदर्भ दस्तावेज–

नियमों के कार्यान्वयन और निष्पादन की आसानी के लिए इन नियमों के परिशिष्ट में प्रदान किये गये मानकों रणनीतियों मैनुअल, दिशा निर्देशों और नीतियों की सूची को संदर्भित किया जा सकता है, क्योंकि वे समय-समय पर संशोधित किये जाएगें।

38- राज्य सरकार के निर्देश इन विनियमों के पूरक होगें–

राज्य सरकार इन नियमों के प्रवर्तन व निष्पादन में कठिनाईयों को दूर करने के लिए एफएसएसडब्लूएम के संबंध में निर्देश जारी किया जा सकता है।

राजपति,
अधिशासी अधिकारी,
नगरपालिका परिषद, चुनार, मीरजापुर।

कार्यालय, नगर पंचायत सैदनगली, जनपद-अमरोहा

दिनांक 24 जनवरी, 2024 ई0

सं0 238/न0पं0सै0/2023-24–नगर पंचायत सैदनगली जनपद अमरोहा अपनी सीमा में स्थित समस्त अनावासीय/भूखण्डों पर व्यवसायिक कर आरोपित करने के उददेश्य से उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम (संशोधित)–2011 की धारा-128(1), 140(1), 141क के अन्तर्गत प्रदत्त शाक्तियों एवं नगर निकाय अनुभाग-9 उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के शासनादेश संख्या 135/9-9-11-190 द्वि0रा0वि0आ0/दिनांक 18 मार्च 2011 के अनुपालन में नगर सीमान्तर्गत भवनों/भूमियों तथा सम्पत्तियों के पंचवर्षीय/आकस्मिक व्यवसायिक कर निर्धारण नियमावली वर्ष 2023 बनायी है, जो राजकीय गजट में प्रकाशन के पश्चात् लागू होगी। उक्त नियमावली/उपविधि पर यदि कोई आपत्ति/सुझाव हो तो सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में आपत्ति/सुझाव इस कार्यालय में प्राप्त करा सकते है। निर्धारित उपविधि में कोई भी आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त न होने की दशा में बोर्ड की बैठक दिनांक 28.06.2023 को सर्व-सम्मति से निर्णय लिया गया कि निम्नवत उपविधि प्रकाशन की तिथि से लागू होगी।

उपविधि

1–नाम-यह नियमावली व्यवसायिक कर निर्धारण एवं वसूली उपविधि, 2023 नगर पंचायत सैदनगली जनपद अमरोहा के नाम से जानी जायेगी।

2–अर्थ-नगर सीमान्तर्गत लागू प्रति वर्ग फीट के अनुसार अनावासीय/भूखण्डों पर आंगणित वार्षिक मूल्य के आधार पर व्यवसायिक कर का आरोपण एवं उद्ग्रहण किया जायेगा।

3–परिभाषायें– इस नियमावली में–

(1) "नगर पंचायत" से तात्पर्य नगर पंचायत सैदनगली जनपद अमरोहा से है।

(2) "अधिनियम" से तात्पर्य उत्तर प्रदेश पालिका अधिनियम, 1916 से है।

(3) "अधिशासी अधिकारी" से तात्पर्य अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सैदनगली जनपद अमरोहा से है।

(4) "अध्यक्ष/बोर्ड" का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सैदनगली जनपद अमरोहा के अध्यक्ष/बोर्ड से है।

(5) "सम्पत्ति" से तात्पर्य नगर पंचायत सैदनगली जनपद अमरोहा की सीमा में स्थित अनावासीय से है।

(6) "वार्षिक मूल्य" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 140 के अधीन निर्दिष्ट वार्षिक मूल्य से है।

(7) "अधिसूचित बैंक" से तात्पर्य कर धनराशि को जमा करने के लिये नगर पंचायत सैदनगली द्वारा अधिसूचित बैंक या बैंकों से है।

4—अधिनियम की धारा-129 की उपधारा (1) से (3) तक को छोड़कर नगर पंचायत सीमा में स्थित समस्त अनावासीय या भूखण्ड़ों या दोनों के वार्षिक मूल्य पर व्यवसायिक कर का उद्ग्रहण किया जायेगा।

5—कर निर्धारण दर—

(1) व्यवसायिक कर की देयता वार्षिक होगी, जो वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत होगा।

6—करों का भुगतान—

(1) अधिशासी अधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी बनाये गये नियम अधीन निर्धारित अनावासीय भवन/भूमि के वार्षिक मूल्यांकन पर व्यवसायिक कर के भुगतान हेतु स्वामी/अध्यासी को बिल भेजेगा, जिसमें एक ऐसा दिनांक निर्दिष्ट होगा, जिसके अनुसार नगर पचांयत सैदनगली जनपद अमरोहा में कर का भुगतान किया जायेगा। निर्धारित अवधि में भुगतान न करने की दशा में उपविधि में दी गई शास्ति तथा नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा-173 (क) के भी अनुसार कर की वसूली की जायेगी।

7—करों की देय—

(क) अनावासीय भवनों पर व्यवसायिक कर, कवर्ड ऐरिया—5 रूपये प्रति वर्ग फीट

ओपन ऐरिया—2 रूपये प्रति वर्ग फीट

सप्ताहिक बाजार पर—3 रूपये प्रति वर्ग फीट

(ख) ऐसे भवन स्वामी/अध्यासी को जिस पर वित्तीय-वर्ष की समाप्ति अर्थात् 31 मार्च के पश्चात् बकाया चालू माँग में 05 प्रतिशत अधिक ब्याज देना होगा।

शास्ति

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा-299(1) के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुऐ नगर पंचायत सैदनगली जनपद अमरोहा यह निर्देश देती है कि —

(1) जो व्यक्ति इस उपविधि के उपबन्धों का उल्लंघन करने के लिये दुष्प्रेरित करेगा, उसे रू0 1,000.00 (एक हजार रूपये) के अर्थदण्ड से दण्डित किया जा सकता है और जब ऐसा उल्लंघन निरन्तर किये जाने की स्थिति में प्रथम दोष सिद्ध के दिनांक के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिऐ जिसमें अपराधी का अपराध करते रहना सिद्ध होगा, रू0 25.00 (पच्चीस रूपये) तक हो सकेगा।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट किसी बात के होते हुऐ भी इस उपविधि के आधीन दण्डनीय किसी अपराध का प्रशमन, अपराध के लिए नियत अर्थदण्ड की अन्यून एक तिहाई धनराशि और अनाधिक आधी धनराशि की वसूली पर अधिशासी अधिकारी या उसके द्वारा अधिकृत किसी अधिकारी द्वारा किया जा सकता है।

पुष्पेन्द्र सिंह राठौर,
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत, सैदनगली,
जनपद-अमरोहा।

सूचना

मेरा सही नाम अनिल कुमार सिंह परन्तु त्रुटिवश मेरे पुत्र अनुराग वर्मा के सी0बी0एस0ई0 हाईस्कूल अंकपत्र/प्रमाण-पत्र व माइग्रेशन अनुक्रमांक 23176193 सन 2023 ई0 में मेरा नाम अनिल वर्मा अंकित है, जो गलत है। अनिल कुमार सिंह पुत्र श्री गुलाब सिह, गुलाली वाटिका जेल रोड शाहपुर, गोरखपुर।

अनिल कुमार सिंह,
पुत्र स्व0 गुलाब सिंह,
निवासी–गुलाली वाटिका,
जेल रोड, शाहपुर गोरखपुर।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम नीरज कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र है जो मेरे शैक्षिक अभिलेख, पैनकार्ड में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड संख्या 2918 1100 7230 में मेरा नाम अनन्त बाबु नवले अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मुझे नीरज कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र के नाम से जाना व पहचाना जाय।

नीरज कुमार,
पुत्र सुरेश चन्द्र,
पता-पृथ्वी का पुरा नेवढ़िया,
तहसील-मेजा, प्रयागराज–212303।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम आन सिंह खनी (AAN SINGH KHANI) पुत्र राम सिंह खनी है जो कि मेरे शैक्षिक अभिलेख, Pan Card, Aadhar Card में अंकित है। त्रुटिवश मेरे PPO No. S/046505/02 में मेरा नाम अन (AN SINGH) अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मुझे सही नाम आन सिंह खनी (AAN SINGH KHANI) पुत्र राम सिंह खनी (RAM SINGH KHANI) के नाम से जाना और पहचाना जाए।

आन सिंह खनी,
20 लखन मार्ग, शिवपुरी,
कल्याणपुर, लखनऊ।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम शैक्षिक अभिलेख, पैन कार्ड में धीरज कुमार पुत्र महेंद्र बहादुर है। जो सही है। मेरे आधार कार्ड संख्या-9491 7640 6823 में नाम बच्चू लाल सरोज अंकित है जो गलत है। भविष्य में मुझे धीरज कुमार के नाम से जाना जाए। धीरज कुमार पुत्र महेंद्र बहादुर, ग्राम व पोस्ट–रामगढ़ कोठारी, फूलपुर, प्रयागराज।

धीरज कुमार पुत्र महेंद्र बहादुर
निवासी–ग्राम व पोस्ट-रामगढ़ कोठारी
तहसील-फूलपुर, जनपद-प्रयागराज।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत फर्म शिवांश कान्स्ट्रक्शन पता म0सं0–5/5/16 डी, जालपा कालोनी, तहसील-सदर, जनपद-अयोध्या, उ0प्र0 224001 है जिसका पंजीकरण संख्या–FAI/0006491 है जिसमें तीन भागीदार जो क्रमशः नितेश सिंह, सुशील कुमार श्रीवास्तव व इशितयाक अहमद जिसमें सुशील कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री सूर्य करन लाल दिनांक 01 सितम्बर, 2023 को स्वयं फर्म उपरोक्त से अलग हो गये है तथा उनके स्थान पर सुधीर कुमार साहू पुत्र स्व0 महावीर प्रसाद साहू को भागीदार बनाया गया है जिनका भागीदार अनुपात 80 प्रतिशत, 10 प्रतिशत व 10 प्रतिशत क्रमशः का होगा। फर्म से अलग हुये भागीदार का किसी भी प्रकार का लेन-देन तथा दायित्व शेष नहीं है।

नितेश सिंह,
पता–5/5/16 डी, जालपा कालोनी,
तहसील-सदर, जनपद-अयोध्या, उ0प्र0।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है मैसर्स हाई फाई ऑटोमोबाईल, 166 सरर्कुलर रोड, मेरठ कैन्ट, मेरठ-250001 की साझीदारीनामा दिनांक 28 अगस्त, 2020 के अनुसार फर्म में श्री सुधीर कुमार एवं श्रीमती बबीता बंसल साझीदार थे। दिनांक 09 मार्च, 2023 को श्री सुधीर कुमार

का स्वर्गवास होने एवं फर्म की साझीदारी में कोई नया साझीदार नही बनाये जाने के कारण साझीदारी फर्म दिनांक 09 मार्च, 2023 को विघटित हो गई है। फर्म अब वर्तमान में श्रीमती बबीता बंसल के द्वारा प्रोपराईटर में फर्म संचलित की जा रही है। यह घोषणा करती हूँ कि एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

बबीता बंसल,
प्रोपराईटर,
मैसर्स हाई फाई ऑटोमोबाईल,
166, सरर्कुलर रोड,
मेरठ कैन्ट, मेरठ-250001 ।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स आत्माराम गुप्ता एण्ड संस दिल्ली सहारनपुर रोड कांधला जिला-शामली का रजिस्ट्रेशन कार्यालय सहायक निबन्धक फर्मस सहारनपुर में 03 सितम्बर, 2013 को हुआ था। रजिस्ट्रेशन के समय फर्म में दिनेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री आत्माराम गुप्ता व रोहित गुप्ता पुत्र श्री दिनेश कुमार गुप्ता निवासीगण–मौ0 रायजादगान कांधला हॉल जिला शामली पार्टनर थे, दिनांक 18 फरवरी, 2023 को फर्म में दिनेश कुमार गुप्ता की मृत्यु हो जाने के कारण उनके स्थान पर श्रीमती वीना गुप्ता पत्नी स्व0 दिनेश कुमार गुप्ता निवासी–मौ0 रायजादगान कांधला जिला-शामली नये पार्टनर के रूप में शामिल हो गई है। अब फर्म में रोहित गुप्ता पुत्र स्व0 दिनेश कुमार गुप्ता व श्रीमती वीना गुप्ता पत्नी स्व0 दिनेश कुमार गुप्ता निवासीगण–मौ0 रायजादगान कांधला जिला शामली पार्टनर रह गये हैं।

रोहित कुमार गुप्ता,
पार्टनर।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स शिवम स्क्रीन वर्क्स के साझीदारीनामा 19 अक्टूबर, 2023 प्रभावी दिनांक 31 अक्टूबर, 2001 के अनुसार फर्म में साझीदार श्री विजय पाल व महावीर थे, उक्त फर्म को उपनिबन्धक, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, मेरठ मण्डल मेरठ द्वारा पंजीकरण संख्या– GBN/0016581 दिनांक 03 नवम्बर, 2023 में पंजीकृत किया गया था। फर्म की एडमिशन कम रिटायरमेंट पार्टनरशीप डीड दिनांक 01 जनवरी, 2024 के अनुसार साझेदार– श्री महावीर फर्म साझेदारी से सेवानिवृत्त हो गये है व नवीन साझीदार शपथकर्ता (राजबाला) सम्मिलित हुयी है। फर्म में वर्तमान साझीदार– श्री विजय पाल सिंह व श्रीमती राज बाला है।

विजय पाल सिंह,
साझीदार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मैसर्स माईक्रो ट्रांसमिशन सिस्टमस, सी–23, सेक्टर–85 नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर की साझीदारी जिसमें श्री मनोज कुमार झा, श्री सुदेश कुमार झा साझीदार है, द्वारा संशोधित साझीदारीनामा दिनांक 11 मार्च 2022 के अनुसार फर्म का नया पता ''डी–29, साईट-बी, यू0पी0एस0आई0 डी0सी0, सुरजपुर इण्डस्ट्रीयल एरिया, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर–201310'' पर परिवर्तित हो गया है।

यह घोषणा करता हूँ कि एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

मनोज कुमार झा,
साझीदार,
मैसर्स माईक्रो ट्रांसमिशन सिस्टमस,
सी-23, सेक्टर-85 नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर।
परिवर्तित पता- डी-29, साईट-बी,
यू0पी0एस0आई0 डी0सी0,सुरजपुर इण्डस्ट्रीयल एरिया,
ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर–201310।

सूचना

मेरे हाईस्कूल अंक अनुक्रमांक-5200211 वर्ष 2004 के अंक-पत्र सह प्रमाण-पत्र एवं इण्टर मीडिएट अनुक्रमांक -5680693 वर्ष 2006 के अंक-पत्र सह प्रमाण-पत्र में पिता जी का नाम S.B. KATIYAR व माता जी का नाम PREETA KATIYAR अंकित हो गया है जो कि गलत

है सही नाम मेरे पिता जी का SURYA BHANU KATIYAR व मेरी माता जी का सही नाम PRITA KATIYAR है। जो कि प्रत्येक जगह पैनकार्ड, आधार कार्ड, वोटर आई0डी0 कार्ड पर अंकित है जो सही है। हेमन्त कटियार पुत्र सूर्य भानू कटियार निवासी–मकान नं0 एच0-482 सत्यम विहार आवास विकास नं01 कल्यानपुर, कानपुर नगर।

हेमन्त कटियार,
पुत्र श्री सूर्य भानू कटियार,
नि0, एच–482, सत्यम विहार,
आ0वि0 नं01, कल्यानपुर, कानपुर नगर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत फर्म मेसर्स बंसल हाइवे बिल्डर्स, 152/100 एफ एल सी 2/2, सांई धाम मदन मोहन द्वारिका अपार्टमेन्ट, लूकरगंज, झूलेलाल नगर, प्रयागराज–211001 के भागीदार महेश अग्रवाल पुत्र रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल दिनाक 08 जनवरी, 2024 को उक्त फर्म से अपनी भागीदारी समाप्त करते हुए अलग हो गये हैं, अब फर्म में अंकित बंसल, सौरभ अग्रवाल तथा कृष्ण कुमार अग्रवाल कुल तीन भागीदार हैं जिनका भागीदारी अनुपात क्रमशः अंकित बंसल 50 प्रतिशत, सौरभ अग्रवाल 25 प्रतिशत तथा कृष्ण कुमार अग्रवाल 25 प्रतिशत का होगा। फर्म से अलग हुए भागीदार महेश अग्रवाल का दिनांक 08 जनवरी, 2024 के पूर्व का फर्म से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन तथा दायित्व शेष नहीं है।

अंकित बंसल,
भागीदार

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है M/S Laghu Dal Udyog, E-109, Sector-27, Noida, District-Gautam Buddh Nagar-201301 की साझीदारी में श्रीमती हर देवी एवं श्री रमेश पाल सिंह साझीदार थे। दिनांक 08 नवम्बर, 2023 को श्रीमती पुष्पा फर्म की साझीदारी में सम्मिलित हुयी एवं दिनांक 08 नवम्बर, 2023 को श्रीमती हर देवी जी का स्वर्गवास हो गया है तथा दिनांक 16 जनवरी, 2024 को श्री राजवीर सिंह फर्म की साझीदारी में सम्मिलित हुए एवं श्री रमेशपाल सिंह फर्म की साझीदारी से अपना हिसाब-किताब ले-देकर अलग हो गये है। दिनांक 16 जनवरी, 2024 की साझीदारीनामा के अनुसार फर्म में श्रीमती पुष्पा एवं श्री राजवीर सिंह साझीदार है तथा फर्म का पता-A-283, Sector-43, Noida, District-Gautam Buddh Nagar-201301 हो गया है। यह घोषणा करता हूँ कि एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

पुष्पा देवी,
साझीदार,
M/S Laghu Dal Udyog,
A-283, Sector-43, Noida,
District-Gautam Buddh Nagar-201301 ।

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मेसर्स-ASR Green City, सी0–48/5, पेपरमिल कालोनी, निशातगंज, जिला-लखनऊ उ0प्र0–226006 की साझेदारी फर्म 1932 साझेदारी अधिनियम के अन्तर्गत लखनऊ से पंजीकृत है जिसमें दिनांक 23 जनवरी, 2024 से फर्म का नाम परिवर्तन कर नया ASR Green City, Phase-II सी0-48/5, पेपरमिल कालोनी, निशातगंज, जिला-लखनऊ उ0प्र0-226006 कर दिया गया है। जिसकी सूचना दी जा रही है।

अशोक कुमार राय,
साझेदार,
ASR Green City, Phase-II
लखनऊ।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जात है कि मै0 भगवान राम आइस एण्ड कोल्ड सटोरेज, खसरा सं0-102 ए 102बी फलपुर इनायत नगर देवरी रोड आगरा उपरोक्त फर्म में साझेदार श्रीमती शैली पत्नी श्री सुरेश बाबू, श्री विजय पाल सिंह पुत्र श्री उदय भान सिंह, श्री यश पाल सिंह पुत्र श्री उदयभान सिंह, श्री रामवीर सिंह पुत्र श्री राधा किशन, श्री जजवेन्द सिंह पुत्र श्री रामवीर सिंह सभी साझेदारों ने अपनी फर्म दिनांक 01 अप्रैल, 2018 को

संचालन की थी दिनांक 01 जनवरी, 2024 से श्री बिजेन्द्र सिंह चौहान पुत्र श्री रूप सिंह चौहान, श्री मुनेन्द्र सिंह पुत्र श्री बिजेन्द्र सिंह चौहान नये साझेदार के रूप में शामिल हो गये है दिनांक 01 जनवरी, 2024 श्री विजय पाल सिंह पुत्र श्री उदय भान सिंह, श्री यश पाल सिंह पुत्र श्री उदय भान सिंह, श्री रामवीर सिंह पुत्र श्री राधा किशन, श्री जजवेन्द सिंह पुत्र श्री रामवीर सिंह अपनी स्वेच्छा से फर्म से अलग हो गये है फर्म में उनका कोई लेन-देन बकाया नही है अब फर्म को श्री बिजेन्द्र सिंह चौहान, श्री मुनेन्द्र सिंह, श्रीमती शैली संचालित करेंगे।

बिजेन्द्र सिंह चौहान,
साझेदार।

सूचना

सूचित किया जाता है कि साझेदारी फर्म मै0 सीताराम बालाजी कोल्ड स्टोरेज, मौहल्ला मोहन गली, मुरलीधर वकील, नदरई गेट, कासगंज परिवर्तित पता-ग्राम सरसईवान, (भानुपुरा) एटा-सहावर रोड, तहसील सहावर, जिला-कासगंज में परिवर्तन की सूचना इस प्रकार है–

यह है कि फर्म में दिनांक 01 अप्रैल, 2023 से फर्म के प्रथम साझेदार श्री अवधेश कुमार अग्रवाल पुत्र श्री सुधीर कुमार अग्रवाल निवासी– मौहल्ला मोलन गली, मुरलीधर वकील नदरई गेट, कासगंज तथा द्वितीय साझेदार श्री पुष्पेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र श्री सुधीर कुमार अग्रवाल निवासी–32 गली मुरलीधर वकील मौहल्ला मोहन, नदरई गेट, कासगंज स्वेच्छा से फर्म से पृथक हो गये है। अब फर्म में श्री विशन सिंह तथा श्रीमती पिंकी यादव साझेदार है।

विशन सिंह,
मै0 सीताराम बालाजी कोल्ड स्टोरेज,
मौहल्ला मोहन गली, मुरलीधर वकील,
नदरई गेट, कासगंज।

NOTICE

It is informed to the gerneral public that in my High School (Board CBSE) Mark-sheet cum Certificate of Year 2019, Roll Number 5056868, my mother's name has been mentioned as SHAHEEN BEE by mistake and in my Intermediate (Board CBSE) Mark-sheet cum Certificate of the Year 2021, Roll Number 21627991, my mother 's name has been mentioned as SHAHEEN BEGUM by mistake which is wrong. My mother's correct name is SAHIN BI which is correct.

TAUHEED RAZA KHAN
S/o SMT. SAHIN BI AND
SHRI MOHD ANIS KHAN
R/0 180, PARTAPUR,
JIVAN SAHAYE, PILIBHIT ROAD,
DISTRI CT, BAREILLY U.P.–243122

NOTICE

It is informed my mother's correct name is ANILESH DEVI which is mentioned in her Aadhar Card and PAN Card, but by mistake, Anilesh Kumari is mentioned in my High School Mark-sheet and Certificate (Roll Number 23176551) and Intermediate Marksheet and Certificate (Roll Number 23662173). It is wrong name. My mother's correct name is ANILESH DEVI.

Raunak,
S/o Ram Bahadur Raddhey,
Purwa, Behta Sadhai,
Hardoi.

पी0एस0यू0पी0–45 हिन्दी गजट–भाग 8–2024 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।